भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †4235
सोमवार, 27 मार्च, 2023/6 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन क्षेत्र में वैश्विक स्तर की बैठक

†4235. श्री बालाशौरी वल्लभनेनीः
श्री विनायक भाऊराव राऊतः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का जी-20 अध्यक्षता के अवसर का उपयोग करके देश को विश्व में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने का विचार है;

(ख) क्या मंत्रालय द्वारा भारत की अध्यक्षता में सभी जी-20 पर्यटन मंत्रियों और अन्य हितधारकों को आमंत्रित करने और पर्यटन क्षेत्र में एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित करने पर विचार करने की संभावना है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की नीति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : जी हां, महोदय । भारत पूरे देश के 55 चयनित शहरों में 200 से अधिक बैठकों की मेजबानी कर रहा है । ये सभी शहर बैठकों की मेजबानी के लिए तैयार हैं । इन बैठकों के दौरान पर्यटन की पेशकशों को रेखांकित किया जा रहा है । आसपास के पर्यटक आकर्षणों के लिए प्रतिनिधियों का भ्रमण भी आयोजित किया जाता है । इन गंतव्यों पर टूर गाइडों, टैक्सी ड्राइवरों, होटल व्यवसायियों, ट्रैवल एजेंटों और अन्य हितधारकों को सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण दिया जा रहा है । जी20 बैठकों के लिए इन शहरों में अवसंरचना को संवर्धित और उन्नत किया जा रहा है । राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के पुरातात्विक स्मारकों, विरासत स्थलों का जीर्णोद्धार और उन्नयन किया जा रहा है ।

(ख) : जी हां, महोदय । मंत्रालय ने भारत की अध्यक्षता में सभी जी20 पर्यटन मंत्रियों और अन्य हितधारकों को आमंत्रित करने की मंजूरी दे दी है । मंत्रालय 21-22 जून, 2023 को गोवा में पर्यटन मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित कर रहा है । विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद 21

जून, 2023 को मंत्रिस्तरीय बैठक के साथ-साथ सीईओ फोरम का आयोजन कर रही है, जिसमें पर्यटन क्षेत्र के मुख्य हितधारक पर्यटन मंत्रियों के साथ बातचीत करेंगे ।

(ग) : अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए जी20 एक प्रीमियम फोरम है । भारत ने 1 दिसम्बर 2022 को जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की है । अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के हिस्से के रूप में पर्यटन को एक ट्रैक के रूप में शामिल किया गया है । जी20 की अध्यक्षता के दौरान भारत को एक पर्यटन गंतव्य बनाने में सभी हितधारक शामिल हैं । भारत ने विजिट इंडिया 2023 अभियान शुरू किया है । पर्यटन मंत्रालय मेगा इवेंट जैसे कि : ग्लोबल टूरिज्म इन्वेस्टर्स समिट (17-19 मई 2023), एमआईसीई सम्मेलन भी आयोजित कर रहा है ।

*****